प्रेस नोट

11.10.2019

सीबीएसई के एकीकृत कार्यालय परिसर का शिलान्यास

आज 11 अक्टूबर, 2019 को माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने सीबीएसई के द्वारका में नए एकीकृत परिसर की आधारशिला रखी। यह कार्यक्रम श्रीमती अनीता करवल, अध्यक्ष, सीबीएसई तथा श्री अनुराग त्रिपाठी, सचिव, सीबीएसई की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

बोर्ड ने अपने सम्बद्ध विद्यालयों के अध्यापकों और प्राचार्यों को विविध प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उत्कृष्टता केन्द्रों को क्रियाशील करने सहित अजमेर, इलाहाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली पूर्व, दिल्ली पश्चिम, देहरादून, गुवाहाटी, नोएडा, पटना, पंचकुला, पुणे और तिरुवनंतपुरम में सोलह क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना की है।

बोर्ड के दिल्ली में स्थित मुख्यालय के अतिरिक्त, प्रीत विहार में व्यावसायिक परीक्षा इकाई, राउज एवेन्यू में शैक्षणिक एवं कौशल शिक्षा इकाई और पटपड़गंज, दिल्ली में क्षेत्रीय कार्यालय तथा सीटीईटी इकाई हैं।

बोर्ड की दिल्ली में स्थित विभिन्न शाखाओं/इकाईयों में बेहतर समन्वय बनाए रखने के लिए और सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों की संख्या में वृद्धि के कारण बढती चुनौतियों का सामना करने के लिए बोर्ड ने पूर्व में दिल्ली में एक एकीकृत कार्यालय परिसर बनाने का प्रस्ताव दिया था और इस उद्देश्य के लिए दिल्ली के विकास प्राधिकरण से सेक्टर-23, द्वारका, दिल्ली में तीन एकड़ जमीन के एक भू-खंड का क्रय किया गया था।

बोर्ड का प्रस्तावित एकीकृत परिसर भवन ग्रीन बिल्डिंग मानदंडों को पूर्ण करने के साथ-साथ अत्याधुनिक भवन होगा। भवन परिसर की कुछ विशेष विशेषताओं के अंतर्गत कुशल भवन प्रबंधन प्रणाली की स्थापना शामिल होगी जिससे ऊर्जा संरक्षण में सुविधा होगी और सौर पैनल लगाए जाएंगे जिससे भवन की छत से 300 KWH बिजली का उत्पादन हो सकेगा। वहां शौचालयों में फ्लशिंग और लैंडस्केपिंग में ग्रे वाटर के पुन: उपयोग हेतु सीवेज ट्रीटमेंट प्लान का भी प्रस्ताव दिया गया है। एकीकृत परिसर में सम्मिलित की जा रही इन सुविधाओं से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी योगदान सुनिश्चित होगा। भवन की अभिकल्पना (डिजाइनिंग) में नवीनतम सुरक्षा सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। 12,000 वर्ग मीटर वाले इस भवन की समापन अवधि अनुमानत: 24 माह है।

रमा शर्मा

वरिष्ठ जन संपर्क अधिकारी

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली – 110092
"Shiksha Kendra", 2, Community Centre, Preet Vihar, Delhi - 110 092
फोन / Telephone : +91-11-22509256, 22509257 वेबसाइट/Website: www.cbse.nic.in